पंजाब केसरी 01/09/2023

विद्यार्थियों ने ड्रग डी-एडिक्शन को लेकर निकाली जागरूकता रैली

कॉलेज के विद्यार्थी रैली निकालते हुए।

अम्बाला, 31 अगस्त (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कॉलेज के रैड रिबन क्लब, एस.डी.जी. क्लब व लीगल लिटरेसी सैल ने संयुक्त रूप से खुड्डा कलां गांव में वीरवार को ड्रग डी-एडिक्शन को लेकर रैली निकाली। इसमें लगभग 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यवाहक प्राचार्या रचना खन्ना ने रैली को कॉलेज से रवाना किया। विद्यार्थियों ने गांव में जाकर नशा विरोधी नारे लगाए व गांववासियों से बात कर उन्हें नशों से होने वाले नुक्सान से अवगत करवाया। रैली में विद्यार्थियों के साथ डा. सुरेंद्र व डा. सुमन उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने गांव की सरपंच सरला देवी से भी मुलाकात की। कार्यवाहक प्राचार्या रचना खन्ना ने रैली के सफल समापन पर बधाई दी।